प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की 38 विधानसभा सीटों पर कल होनेवाले दूसरे और अंतिम चरण के मतदान को लेकर तैयारी पूरी, पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला जारी।
2. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान वाले इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी।
3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत के बैंक लॉकर से मिले 42 लाख के जेवरात और नकद साढ़े तीन लाख रुपये को सीबीआई ने किया जब्त।
   ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पूछताछ के लिए चार आरोपियों को रांची के होटवार जेल से लिया रिमांड पर।

********************

झारखंड में कल होने वाले विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। इस चरण में 12 जिलों के 38 निर्वाचन–क्षेत्रों में मतदान होगा। एक करोड़ 23 लाख मतदाता 528 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

********************

दूसरे चरण के मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला जारी है। रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर और विभिन्न चेक पोस्ट का निरीक्षण कर जरूरी दिशा–निर्देश दिया। बता दें कि रांची जिला अंतर्गत सिल्ली और खिजरी विधानसभा के लिए कल मतदान होना है। इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का कार्य आज सुबह से शुरू हो गया है।

उधर पाकुड़ जिले के आठ सौ 13 मतदान केन्द्रों के लिए सभी मतदानकर्मियों को रवाना किया गया।

धनबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों के लिए मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्रों पर भेजा गया।

********************

मांडू विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर हजारीबाग स्थित संत कोलंबस कॉलेज मैदान से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। बता दें कि इस क्षेत्र से 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी।

********************

जामताड़ा के एक कुष्ठ आश्रम के संतावन मतदाताओं को सुगम मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सहायक मतदान केंद्र का निर्माण किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग की ओर से कई पहल की गई है।

********************

रामगढ़ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में चार किलोमीटर लंबी पैदल मार्च निकाली गई। जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

********************

गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मोमबत्ती और दीप जलाकर मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने भी लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।

********************

चुनाव आयोग मतगणना की तैयारियों में भी जुट गया है। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को कल शाम पांच बजे तक मतगणना केन्द्र के लिए काउंटिंग एजेंट का ब्यौरा संबंधित आरओ को उपलब्ध कराने का निर्देश दियझं

मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत के बैंक लॉकर से मिले 42 लाख के जेवरात और नकद साढ़े तीन लाख रुपये को सीबीआई ने जब्त कर लिया है। इससे पहले सीबीआई ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में सील लॉकर को खोला, जिसमें जेवरात और नकदी रुपये बरामद किये गये। बता दें कि सीबीआई ने भगवान भगत के घर से छापेमारी के दौरान एक किलो सोना और प्रतिबंधित पिस्तौल की 61 गोलियां जब्त की थी।

********************

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पूछताछ के लिए दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपियों को रांची के होटवार जेल से रिमांड पर लिया है। इनमें कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लादेशी रानी मंडल और समीर चौधरी के अलावा भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बासु मुखर्जी शामिल हैं। ईडी चारों से देह व्यापार और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए अवैध तरीके से बांग्लादेश की सीमा पार कराकर घुसपैठियों के लिए आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवाने सहित अन्य मामलों में पूछताछ करेगी।

********************

लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र में एक वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इधर सरायकेला–चाईबासा सड़क पर थोल्को गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में सुबह और रात की ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 13 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2–3 दिनों में ठंड और बढ़ेगी। देश के उत्तरी हिस्सों में पछुआ हवा चल रही है।

*****************